SJU Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 22 दिसंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 84

## अजमेर हाइवे पर एलपीजी टैंकर ब्लास्ट : 24 घंटे बाद भी मातम का सन्नाटा, मरने वालों की संख्या 14 पहुंची

**जयपुर । आरएनएस**



जयपुर के अजमेर हाईवे पर हुए भयावह हादसे को 24 घंटे बीत चुके हैं, लेकिन इस दर्दनाक मंजर की गूंज अब भी लोगों के दिलों में गहरी है। शुक्रवार सुबह 5:44 बजे हुए इस हादसे में मरने वालों की संख्या 14 हो गई है। 33 से ज्यादा लोग अब भी मौत को से संघर्ष कर रहे हैं। इस हादसे ने कई परिवारों की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं।जब एक ट्रक ने रुक्कत्र गैस से भरे टैंकर को टक्कर मारी, तो किसी को अंदाजा नहीं था कि कुछ ही सेकंड में पूरा इलाका आग के भयानक गोले में बदल जाएगा। टैंकर से लीक हुई गैस ने आग को इतना विकराल बना दिया कि एक किलोमीटर तक हर चीज जलकर राख हो गई। हादसे में एक स्लीपर बस, हाईवे के किनारे की पाइप फैक्ट्री और 40 से ज्यादा गाडियां खाक हो गईं।

घायलों को सवाई मान सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर जिंदगी बचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हर गुजरते घंटे के साथ घायलों की हालत और गंभीर हो रही है। हादसे में अपनों को खो चुके परिवारों की आंखें अब भी आंसुओं से नम हैं। अस्पताल के बाहर एक पिता अपनी बेटी की जलती हुई तस्वीरें दिखाकर बार-बार पूछ रहा है, क्या मेरी बेटी नहीं बच सकती थी?

हादसे के 24 घंटे बीत चुके हैं, लेकिन पीड़ित परिवारों के लिए यह गम का सिलसिला शायद कभी खत्म नहीं होगा। इस हादसे ने सिर्फ जानें नहीं लीं, बल्कि कई जिंदगियों को अधूरा और दिलों को हमेशा के लिए खाली कर दिया है।

## पंजाब में 3 मंजिला इमारत गिरने से हडक़ंप : 15 लोग दबे होने की आशंका, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**मोहाली (आरएनएस)।** पंजाब के मोहाली जिले में शनिवार को एक भयानक हादसा हुआ, जब एक 3 मंजिला इमारत अचानक ढह गई। इस दुर्घटना में कम से कम 15 लोग मलबे में दबे होने की आशंका है। घटनास्थल पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पहुंचे हैं और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। शुरुआत में मिली जानकारी के मुताबिक, इमारत के अंदर एक जिम चल रहा था। वहीं, इमारत के पास एक बेसमेंट की खुदाई भी चल रही थी, जिससे बिल्डिंग की नींव कमजोर हो गई और वह गिर पड़ी। हादसे के समय जिम में लोग एक्सरसाइज कर रहे थे, जिससे यह संभावना जताई जा रही है कि मलबे में जिम में मौजूद लोग दबे हो सकते हैं। हालांकि, इस बारे में आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। प्रशासन ने जिम प्रबंधकों से संपर्क करना शुरू कर दिया है ताकि हादसे की असल स्थिति का पता चल सके। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मलबे में 10 से 50 लोगों के दबे होने की संभावना जताई जा रही है। रेस्क्यू टीम हर संभव प्रयास कर रही है ताकि किसी भी प्रकार के और नुकसान को रोका जा सके और लोगों को सुरक्षित निकाला जा सके।

## अहमदाबाद के साबरमती इलाके में पार्सल में विस्फोट, दो घायल, आरोपी गिरफ्तार

**अहमदाबाद (आरएनएस)।** अहमदाबाद के साबरमती इलाके में पार्सल में विस्फोट से दो लोग घायल हो गए। शुरुआती पुलिस जांच में पता चला कि यह विस्फोट पारिवारिक झगड़े का नतीजा है। पार्सल पहुंचाने वाला व्यक्ति और रिसीव करने वाला इस घटना में घायल हुए हैं। आईपीएस नीरज कुमार बडगुजर ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान बताया कि साबरमती थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिव रो हाउस में सुबह करीब 10.45 बजे पार्सल में धमाका हो गया। गौरव गढ़वी, बलदेव सुखाडिय़ा के घर पार्सल देने के लिए आए थे। आरोपी गौरव गढ़वी ने जब पार्सल सौंपा तो प्राप्तकर्ता ने धुआं उठते देखा। पार्सल में विस्फोट हो गया, जिससे सुखाडिय़ा के भाई किरीट को चोटें आईं हैं। उन्होंने आगे बताया कि घटना में गौरव गढ़वी भी घायल हुआ है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ कर रही है। जांच के दौरान अन्य संदिग्धों के नाम सामने आए हैं और पुलिस उनकी तलाश जारी रखे हुए है। उन्होंने बताया कि बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) और फॉरेंसिक टीम वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गई है। प्रारंभिक तौर पर यह पारिवारिक विवाद का मामला लग रहा है मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, शुरुआती पूछताछ से पता चला है कि सुखाडिय़ा परिवार के साथ विवाद के चलते पार्सल इस पते पर पहुंचाया गया था। इस मामले में घायल किरीट सुखाडिय़ा के मुताबिक, पार्सल देने वाले व्यक्ति के अलावा दो और लोग ऑटो में बैठे थे। उन्होंने ही रिमोट दबाकर ब्लास्ट किया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जौनपुर और मथुरा में पुलिस मुठभेड़, पकड़े गए गो तस्कर

**जौनपुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर और मथुरा में पुलिस और गो तस्करों के बीच शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात दो अलग-अलग मुठभेड़ में एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। जौनपुर के थाना मछलीशहर और सुजानगंज पुलिस ने संयुक्त रूप से गो तस्करों को पकडऩे के लिए अभियान चलाया था। पुलिस मुठभेड़ में एक तस्कर को पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तस्कर के पास से एक बाइक, एक तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किया है। सीओ विवेक कुमार ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि थाना मछलीशहर और सुजानगंज पुलिस चेकिंग कर रही थी। तभी बाइक सवार दो लोग पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने संदेह होने पर उनका पीछा किया। इस दौरान उनकी घेराबंदी की गई। हालांकि, तभी उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की गई। एक व्यक्ति पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया, जबकि दूसरा शख्स अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल व्यक्ति को हिरासत में लेकर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, मथुरा में भी पुलिस की गो तस्करों के साथ मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ के दौरान 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश के पैर में गोली लगी है। इसके अलावा प्रदीप नाम का एक सिपाही भी घायल हो गया है। घायल सिपाही को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीओ संदीप सिंह ने कहा, मामला थाना जैंत क्षेत्र के धौरेरा के जंगल का है। पुलिस ने एक अभियान के दौरान 25 हजार के इनामी तारीक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से तमंचा, कारतूस और बाइक बरामद की गई है। गिरफ्तार किया गया बदमाश साल 2021 से फरार चल रहा था। फिलहाल घायल सिपाही और बदमाश का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### सहारनपुर में किसानों ने कलेक्ट्रेट के गेट को ट्रैक्टर से तोड़ा, एडीएम को कुचलने का प्रयास

**सहारनपुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में प्रदर्शन के बाद कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने पहुंचे किसानों की पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों में तीखी नोकझोंक हो गई। ज्ञापन देने पहुंचे किसानों के ट्रैक्टर को जिला प्रशासन के अधिकारियों ने अंदर जाने से मना किया तो एक ट्रैक्टर चालक ने एडीएम को कुचलने का प्रयास किया। इसके बाद हंगामा खड़ा हो गया। इस दौरान किसानों ने प्रशासन पर लाठीचार्ज करने का आरोप लगाया। किसानों ने बंद गेट में टक्कर मारकर गेट तोड़ दिया। इसके बाद एडीएम भी किसानों पर भडक़ गईं। दरअसल जब किसान कलेक्टर के गेट पर पहुंचे तो पुलिस प्रशासन ने किसानों को रोकने का प्रयास किया, इसके बाद किसानों ने बंद कलेक्ट्रेट के गेट को ट्रैक्टर से तोड़ दिया। सामने खड़ी एडीएम को आगे से हटना पड़ा, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। किसानों ने ट्रैक्टर की स्पीड बढ़ा दी और कलेक्ट्रेट के अंदर घुस गए। किसान मजदूर संगठन (पूरण सिंह) के जिलाध्यक्ष ठाकुर अजब सिंह के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने पहुंचे थे। किसान नानौता से ट्रैक्टर से चलकर दिल्ली रोड पहुंचे थे। वहां से पैदल ही कलेक्ट्रेट पहुंचे। लेकिन उससे पहले ही जिला प्रशासन ने कलेक्ट्रेट का गेट बंद कर दिया। किसानों को ट्रैक्टर अंदर ले जाने से मना किया गया और पैदल जाने को कहा गया। लेकिन गेट बंद देखकर किसान गुस्सा गए और ट्रैक्टर से गेट तोड़ दिया। किसान मजदूर संगठन के जिला उपाध्यक्ष प्रिंस राणा ने पुलिस पर लाठीचार्ज का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये प्रशासन की तानाशाही है। किसानों को दबाने का काम इस सरकार के द्वारा किया जा रहा है। जब तक किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होगा, किसान यहां से नहीं जाएंगे। हमने कोई गेट नहीं तोड़ा, इन्होंने ही गेट बंद किया। प्रशासन झूठा आरोप लगा रहा है। हमारे ट्रैक्टरों के आगे खड़े होकर लाठियां चलाई गईं। क्या लोकतंत्र में किसानों पर लाठीचार्ज जायज है। किसान इन्हें अनाज उगाकर देगा और ये लोग फ्री अनाज बाटेंगे। इस सरकार में किसान परेशान हैं और उनका दर्द सुनने वाला कोई नहीं है। एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक का कहना है कि किसानों से पहले ही बात की गई थी कि पैदल आकर ज्ञापन सौंपेंगे। ट्रैक्टरों की एंट्री नहीं होगी। कुछ लोगों ने कलेक्ट्रेट में ट्रैक्टर घुसाने का प्रयास किया। एडीएम प्रशासन के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया गया।

## मध्य प्रदेश के देवास में आग का तांडव, पति-पत्नी और दो बच्चे जिंदा जले



**देवास (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के देवास में शनिवार तडक़े सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। नयापुरा क्षेत्र में एक मकान में भीषण आग लगने से एक ही परिवार के 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में दिनेश कारपेंटर, उनकी पत्नी गायत्री, बेटी इशिका और बेटा चिराग शामिल है।

जानकारी के अनुसार, घर के नीचे दूध डेयरी में लगी आग ने विकराल रूप लिया और बिल्डिंग की दूसरी मंजिल को अपने चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। काफी देर की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया जा सका। आग इतनी भीषण थी कि परिवार के लोगों को बचाया नहीं जा सका। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

एसपी पुनीत गेहलोद ने बताया कि यह डेयरी संचालक दिनेश कारपेंटर का घर हैं, नीचे वे दुकान चलाते थे और ऊपर की मंजिल पर परिवार के साथ रहते थे। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है। घर को सील कर दिया गया है। इस घटना के कारणों का पता लगाने के लिए हम सभी प्रशासनिक टीमों के साथ मिलकर जांच कर रहे हैं। हम सुनिश्चित करेंगे कि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं न हों।

एसपी ने आगे कहा कि प्राथमिक जांच में यह संभावना जताई जा रही है कि पहले तल पर कुछ ज्वलनशील सामग्री रखी गई होगी, जिससे आग ज्यादा फैल गई। दूसरी मंजिल पर मौजूद लोगों को समय पर बचाया नहीं जा सका। अभी पूरी घटना की जांच की जा रही है।

## बीकानेर : सेरूणा में बस से भिड़ी कार, कांस्टेबल और नर्स की मौत

**बीकानेर । आरएनएस**



राजस्थान के बीकानेर में शनिवार सुबह सेरूणा थाना इलाके में कार और बस की भीषण टक्कर में एक पुलिस कांस्टेबल और एक नर्सिंग स्टाफ की मौत हो गई। मृतक की पहचान हरियाणा पुलिस के कांस्टेबल 30 वर्षीय अजय और उनकी पत्नी रितु के रूप में हुई है। सेरूणा थानाधिकारी पवन शर्मा ने बताया कि दुर्घटना जोधासर व झंझेऊ के बीच स्थित शाही होटल के पास हुआ। मृतक अर्टिगा कार में थे। संभवत: हादसा ओवरटेकिंग के वक्त हुआ है।

थानाधिकारी के अनुसार, दोनों वाहनों की स्पीड 70 से अधिक नहीं थी। घटनास्थल पर सडक़ की बैलेंसिंग सही नहीं है। सडक़ ऊबड़-खाबड़ है। इसी वजह से ओवरटेकिंग के समय कार गति नहीं पकड़ पाई होगी। बता दें कि बीकानेर से श्रीडूंगरगढ़ तक की रोड पर काफी खामियां हैं।

पवन कुमार के अनुसार बस लोक परिवहन की थी। बताया जा रहा है कि यह बस किसी विक्रम सिंह की है। दुर्घटना के वक्त कोहरा भी था।

श्रीडूंगरगढ़ पुलिस के हेड कांस्टेबल भगवानाराम अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वे घायलों को अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बता दें कि इससे पहले 20 दिसंबर को राजस्थान की राजधानी जयपुर में अजमेर रोड पर भांकरोटा स्थित पुष्पराज पेट्रोल पंप के पास सुबह करीब साढ़े पांच बजे एलपीजी गैस से भरे एक टैंकर में आग लग गई थी, इसके बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी।

विस्फोट की आवाज 10 किलोमीटर दूर तक सुनी गई। आग इतनी भीषण थी कि 300 मीटर के दायरे में कई वाहन इसकी चपेट में आ गए थे और पूरी तरह जलकर राख हो गए थे। इस दौरान ईंधन टैंक के फटने से बार-बार विस्फोट हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया था कि आग की लपटें दूर से दिखाई दे रही थीं। हादसे में कई लोग हताहत हुए।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की थी। सीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था, जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गैस टैंकर में आग लगने की घटना में नागरिकों के हताहत होने का दुखद समाचार सुनकर मन अत्यंत व्यथित है। घटना की सूचना मिलते ही एसएमएस अस्पताल जाकर चिकित्सकों को तत्काल आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं घायलों की समुचित देखभाल हेतु निर्देशित किया।

## लूट व डकैती की साजिश रचते साइबर ठगी करने वाले चार आरोपी एवं फर्जी खाता उपलब्ध कराने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा । आरएनएस**




भीलवाड़ा जिले की पुर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान अरिहंत विहार रोड पर झाडिय़ों में बैठ डकैती की योजना बना रहे चार बदमाशों को गिरफ्तार कर मौके से एक कार, दो मोटरसाइकिल, एक तलवार व एक गुप्ति बरामद की है। आरोपी डकैती की घटना के अतिरिक्त साइबर ठगी में भी शामिल है। इन्हें फर्जी खाता उपलब्ध कराने वाले एक साथी को भी बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास साइबर ठगी में प्रयुक्त 15 मोबाइल व 16 सिम कार्ड भी जब्त किए हैं। पुलिस को उनके पास से अनेक बैंक खातों का विवरण भी मिला है, जिनकी जांच की जा रही है।

एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि जिले में अवैध हथियारो के विरुद्ध एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। जिस पर एएसपी पारस जैन के निर्देशन व सीओ श्याम सुन्दर विश्नोई के सुपरविजन में एसएचओ जय सुल्तान सिंह कविया मय टीम द्वारा आसूचना संकलित कर 17 दिसम्बर को एनएच 48 पर लूट व डकैती की साजिश रचते 04 आरोपियो को अवैध हथियार, वाहन, 15 मोबाइल व 16 सिम सहित पकड़ा गया था।

नेशनल हाईवे पर गश्त के दौरान 17 दिसम्बर को एएसआई गोपाल लाल व टीम को सूचना मिली कि अलास्का होटल के पास से अरिहन्त विहार जाने वाले रास्ते पर कुछ मोटरसाईकिले व एक कार खड़ी है। जहां 5-6 युवक एकान्त में झाड़ियों के बीच बैठकर बड़ी घटना करने की योजना तैयार कर रहे है।

मौके पर पहुंच पुलिस टीम ने लूट व डकैती की साजिश करते आरोपी जुनैद खान पुत्र राजू खान (22) निवासी चेम्बूर नाका, मुम्बई हाल प्रतापनगर, भीलवाडा, दिनेश सिंह पुत्र शंकर सिंह पंवार (24) निवासी भिनाय अजमेर हाल मण्डपिया थाना मंगरोप जिला भीलवाडा, अनुराग उर्फ चेतन कोली पुत्र अमित (19) निवासी अलवर गेट अजमेर हाल तिलक नगर थाना भीमगंज जिला भीलवाड़ा एवं देवेन्द्र कलाल पुत्र रामलाल (22) निवासी गुरूनानक कॉलोनी थाना कोतवाली बूंदी को डिटेन किया गया।

इनके पास से पुलिस ने एक कार, 02 मोटरसाईकिल, 01 तलवार, 01 गुप्ती नुमा हथियार, 15 मोबाईल फोन व 16 सिमे जप्त की। मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को किया गया। अनुसंधान में आरोपियों के पास मिले मोबाईल एवं सिमों के विश्लेषण तथा पूछताछ में सामने आया कि आरोपी टेलीग्राम एवं अन्य एप्प से चैटिंग कर उसके स्कीनशॉट मंगवाते। फिर पुलिस अधिकारी बनकर पीड़ित को कॉल कर धमका रकम ऐंठते है।

गिरफ्तार आरोपी रकम ऐंठने के बाद अपने साथियों द्वारा उपलब्ध करवाये गये फर्जी बैंक अकाउण्टस मे उक्त रकम ट्रांसफर कर देते है। फर्जी खाते उपलब्ध करवाने वाले आरोपी राहुल वरयानी पुत्र भुपेन्द्र वरयानी (23) निवासी नाहर का चोटा थाना कोतवाली बूंदी जिला बूंदी को भी गिरफतार कर लिया। प्रकरण मे साईबर अपराध के संबंध में गहन अनुसंधान किया जा रहा है।

## मुंबई : पार्किंग विवाद में शख्स की हत्या, 3 आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई के विक्रोली पश्चिम स्थित सूर्य नगर में पार्किंग को लेकर हुए विवाद के बाद 41 वर्षीय व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद पार्क साइट पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, विक्रोली में इस्लामपुरा नूरानी मस्जिद से जाने वाली सडक़ पर एक दुकान के सामने टेम्पो पार्क करने को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद देखते ही देखते यह विवाद झगड़े में बदल गया और मोहम्मद तारिक जैनुर आब्दीन,फुरकान इश्तियाक अहमद खान और जीशान इश्तियाक अहमद खान ने किताबउल्लादिन शेख की पिटाई शुरू कर दी।

आरोपियों ने लोहे की मेज,पाइप और हाथों में जंजीर लेकर किताबउल्ला को पीटना शुरू कर दिया, जिसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रुप से घायल किताबउल्ला रफीक उल्ला शेख को इलाज के लिए महात्मा फुले अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद मुंबई की पार्कसाइट पुलिस ने केस दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मुंबई पुलिस ने बताया कि मुंबई के विक्रोली पश्चिम में पार्किंग विवाद हिंसक हो गया था, जब तीन लोगों ने 42 वर्षीय किताबुल्लाउद्दीन शेख पर लोहे की वस्तुओं से जानलेवा हमला किया। इस मामले में पार्कसाइट पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## *एलजी ने दी ईडी को केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी*

**नई दिल्ली । आरएनएस**



दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की मुसीबतें बढ़ती दिखाई दे रही हैं। दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने शराब नीति मामले में केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए ईडी को मंजूरी दे दी है।

एलजी ने एक्साइज घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए ईडी को मंजूरी दे दी है। ईडी ने 21 मार्च को दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था और मई में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था।

अपनी अंतिम जांच रिपोर्ट में, ईडी ने अरविंद केजरीवाल के साथ-साथ मनीष सिसोदिया को एक्साइज शुल्क घोटाले का मास्टरमाइंड बताया है। एजेंसी ने कहा है कि केजरीवाल और सिसोदिया ने साउथ लॉबी की मदद के लिए एक्साइज ड्यूटी नीति 2021-22 में बदलाव किए, जिसने कथित तौर पर 100 करोड़ रुपये की रिश्वत दी थी। 100 करोड़ रुपये की रिश्वत में से आप ने 45 करोड़ रुपये का इस्तेमाल गोवा विधानसभा चुनाव प्रचार में किया था।

राजधानी में विधानसभा चुनाव से पहले आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के लिए मुश्किल खड़ी करने वाले घटनाक्रम में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने ईडी को आबकारी नीति मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री पर मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। प्रवर्तन निदेशालय ने इस महीने की शुरुआत में केजरीवाल पर मुकदमा चलाने के लिए उपराज्यपाल से मंजूरी मांगी थी, क्योंकि उसे आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में भारी स्तर का भ्रष्टाचार मिला था।

इस मुद्दे पर अब आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया का एक बयान सामने आया है। जिसमें उन्होंने कहा, अगर एलजी विनय सक्सेना ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है, तो ईडी उस मंजूरी की कॉपी क्यों नहीं दिखा रही? यह साफ है कि यह खबर झूठ और गुमराह करने वाली है। बाबासाहेब के अपमान के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए जुमलेबाजी बंद करो और दिखाओ कहां है ईडी को मुकदमा चलाने के लिए दी गई मंजूरी?

### केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति की खबर को आप ने बताया गलत

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ उपराज्यपाल द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मुकदमा चलाने की मंजूरी देने की मीडिया में आई खबरों को पार्टी ने फर्जी और झूठी करार दिया है।

मीडिया में इस तरह की खबरें फैलाने की सूचना मिलने के बाद आप के मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी समेत कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इसका खंडन किया। सबने ईडी को उपराज्यपाल (एलजी) के उस आदेश की कॉपी दिखने की चुनौती दी। साथ ही कहा कि यह सिर्फ बाबासाहेब अंबेडकर के अपमान के मुद्दे से दिल्ली के लोगों का ध्यान भटकाने और उन्हें गुमराह करने के लिए किया जा रहा है।

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि अगर एलजी विनय सक्सेना ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है, तो ईडी उस मंजूरी की कॉपी क्यों नहीं दिखा रहा है? उन्होंने लिखा, यह साफ है कि यह खबर पूरी तरह झूठ और गुमराह करने वाली है। बाबासाहेब के अपमान के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए जुमलेबाजी बंद करो और दिखाओ ईडी को मुकदमा चलाने के लिए दी गई मंजूरी कहां है?

आप नेता एवं सांसद संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के एलजी वी.के. सक्सेना ने किसी भी प्रकार की कोई मंजूरी मुकदमा चलाने के लिए नहीं दी है। अगर ईडी को मुकदमा चलाने के लिए पत्र मिला है तो उन्हें वह पत्र सार्वजनिक करना चाहिए। उसको छिपाकर क्या साबित करना चाहते हैं। यह एक बेबुनियाद झूठी खबर है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि अगर एलजी साहब ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है, तो ईडी को मंजूरी की कॉपी सार्वजनिक करने में क्या दिक्कत है? उन्होंने कहा, यह खबर सिर्फ लोगों को गुमराह करने और मुद्दों से भटकाने के लिए फैलाई जा रही है। भाजपा यह साजिश बंद करो। सच सामने लाओ।